प्रादेशिक समाचार
दिनांक–04.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

केन्द्र सरकार ने आश्वस्त किया है कि वह देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का हरसंभव प्रयास कर रही है। सरकार ने नागरिकों को अफरा–तफरी में पेट्रोल और डीजल की खरीददारी न करने और एलपीजी की अनावश्यक बुकिंग से बचने की सलाह दी है।

****

पश्चिम एशिया में जारी संकट को देखते हुए, कोल इंडिया लिमिटेड देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। आकाशवाणी से बातचीत में कोल इंडिया के अध्यक्ष बी. साईराम ने कोरबा में कहा कि ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त कोयले का भंडार उपलब्ध है।

****

सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों से डालटनगंज और गढ़वा रोड होकर मुंबई के लिए सीधी ट्रेन सेवा को स्थायी मंजूरी मिल गई है। आगामी 7 अप्रैल को सुबह साढ़े चार बजे डालटनगंज स्टेशन पर सांसद इस साप्ताहिक एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस नई सुविधा से क्षेत्र के विकास और यात्रियों की सुविधा को बढ़ावा मिलेगा।

****

रांची के आर्यभट्ट सभागार में सरदार पटेल स्मृति समिति द्वारा आयोजित सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती वर्षगांठ समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने युवाओं से एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सिद्ध करने का आह्वान किया।

****

****

युवा संगम फेज छह के तहत 2 से 25 मार्च तक 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में संस्थान आधारित एक्सपोजर टूर के लिए पंजीकरण किए गए। यह कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत की ओर से संचालित किया जाता है, जिसका उद्देश्य देश के युवाओं को आपसी सांस्कृतिक और सामाजिक जुड़ाव के माध्यम से जोड़ना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप यह पहल युवाओं को अनुभव आधारित शिक्षा प्रदान करती है, जिसमें वे विभिन्न राज्यों की संस्कृति, भाषा और परंपराओं को करीब से समझते हैं।

****

धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में दस दिवसीय पुस्तक मेले का शुभारंभ हो गया है। उद्घाटन करते हुए विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि किताबें समाज को दिशा देने और नई सोच पैदा करने का सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर कई गणमान्य विधायक और साहित्य प्रेमी मौजूद रहे। यह मेला पाठकों को ज्ञान और सांस्कृतिक संवाद से जोड़ने के लिए आयोजित किया गया है।

****

कोडरमा के पथलडीहा क्षेत्र में हाथियों के उत्पात से जनजीवन अस्त–व्यस्त है। बीती रात एक हाथी ने होटल कर्मी और मुर्गी फार्म पर हमला कर भारी नुकसान पहुंचाया। पिछले दस दिनों में हाथियों के हमले से तीन लोगों की जान जा चुकी है। स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है।

****

राज्य में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। मौसम विभाग ने आज रांची, पलामू और हजारीबाग सहित राज्य के मध्य और उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में गरज–चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया

है। 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं और वज्रपात की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

****

चाईबासा के सिंहभूम स्पोट्‌र्स एसोसिएशन ग्राउंड में आज से आठवीं झारखंड राज्य रग्बी चैम्पियनशिप शुरू हो गई है। प्रतियोगिता में 12 जिलों की 23 टीमें और करीब ढाई सौ खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। राज्य रग्बी संघ के अनुसार, यहां से चयनित खिलाड़ी आगामी नेशनल चैम्पियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

*********समाप्त************